Question Bank - II

Session : 2017-18

Class : X , Subject : Hindi

Pg 1

[ पाठ्यपुस्तक - क्षितिज एवं कृतिका पर आधारित ]

I. गद्य खण्ड

1. 'नेताजी का चश्मा' बनवाने को लेकर लेखक ने नगरपालिका की कार्यप्रणाली पर जो व्यंग्य किया है, उसे स्पष्ट कीजिए।

2. 'नेताजी का चश्मा' पाठ में निहित संदेश बताइए।

3. बालगोबिन भगत की संगीत-साधना का चरम-उत्कर्ष कब देखने को मिला? लिखिए।

4. रियाज़ से क्या तात्पर्य है? बिस्मिल्ला खाँ के लिए यह क्या महत्व रखता था?

5. 'उस्ताद बिस्मिल्ला खाँ सांप्रदायिक सौहार्द्र की मिसाल थे।' सिद्ध करें।

6. बिस्मिल्ला खाँ का खुदा के प्रति क्या विश्वास था?

7. 'अंतिम दिनों में मन्नू भंडारी के पिता का स्वभाव शक्की हो गया था'- लेखिका ने इसका क्या कारण दिया?

8. कौसल्यायन जी के अनुसार सभ्यता के अन्तर्गत क्या-क्या समाहित है?

9. मन्नू भंडारी ने अपनी माँ के बारे में क्या कहा? उन्होंने अपनी माँ को अपना आदर्श क्यों नहीं बनाया?

10. काशी में हो रहे कौनसे परिवर्तन बिस्मिल्ला खाँ को व्यथित करते थे?

11. 'स्त्री शिक्षा के विरोधी कुतर्कों का खंडन' लेखक की दूरगामी सोच और खुले विचारों का परिचायक है। कैसे?

12. गर्मी के दिनों में सायंकाल बालगोबिन भगत के घर पर संगीत-सभा का क्या रूप होता था?

13. हिन्दी भाषा को लेकर फादर बुल्के को क्या तकलीफ़ थी? इससे उनकी कौनसी भावना प्रकट होती है?

14. 'खीरा लज़ीज़ होता है लेकिन होता है सकील, नामुराद मेदे पर बोझ डाल देता है'- नवाब साहब के कथन का भाव स्पष्ट करते हुए उनकी प्रवृत्ति पर प्रकाश डालें।

15. 'धीरे-धीरे मन तन पर हावी हो जाता'- पंक्ति का भाव 'बालगोबिन भगत' के आधार पर बताइए।

16. रात के तारों को देखकर न सो सकने वाले मनीषी को प्रथम पुरस्कर्ता क्यों कहा गया है? 'संस्कृति' पाठ के आधार पर बताइए।

कृ॰ पृ॰ उ॰

Scanned by CamScanner

लिखिए।

20. 'प्राकृत केवल अपढ़ों की ही नहीं अपितु सुशिक्षितों की भी भाषा थी' – महावीर प्रसाद द्विवेदी ने यह क्यों कहा?

21. 'उस्ताद बिस्मिल्ला खाँ सादगी की मिसाल थे।' सिद्ध करें।

## पद्य खण्ड

1. 'मृगतृष्णा' क्या है? 'छाया मत छूना' कविता में इसका प्रयोग किस अर्थ में हुआ है?

2. 'कन्यादान' में माँ परंपरागत माँ से कैसे भिन्न है? उसकी सीख में समाज की किन कुरीतियों की ओर संकेत है?

3. 'क्या हुआ जो खिला फूल रस बसंत जाने पर' – पंक्ति का भाव स्पष्ट कीजिए।

4. 'कन्यादान' कविता में माँ का कौनसा दुख प्रामाणिक था? स्पष्ट कीजिए।

5. 'जो न मिला भूल कर तू भविष्य वरण' – पंक्ति में कवि की वेदना कैसे व्यक्त हो रही है?

6. राम, लक्ष्मण एवं परशुराम की स्वभावगत विशेषताएँ बताइए।

7. 'साहस और शक्ति के साथ विनम्रता हो तो बेहतर है' – कथन पर अपने विचार पाठ 'राम-लक्ष्मण-परशुराम संवाद' के आधार पर लिखिए।

8. कन्यादान कविता में माँ ने बेटी से ऐसा क्यों कहा कि लड़की होना पर लड़की जैसी दिखाई मत देना?

9. संगतकार की आवाज़ में हिचक सी क्यों प्रतीत होती है?

10. 'फसल' कविता द्वारा कवि ने मानव श्रम के महत्त्व को प्रतिपादित किया है। सिद्ध करें।

11. कवि ने शिशु एवं उसकी माँ को धन्य क्यों कहा?

12. 'यह दँतुरित मुस्कान' कविता में किस मनोभाव की व्यंजना हुई है? यह कविता आपके मन पर क्या प्रभाव छोड़ती है?

Scanned by CamScanner

classmate
Date
Page
Pg. 3.

13. 'सूरदास द्वारा ज्ञान मार्ग की अपेक्षा भक्ति मार्ग की श्रेष्ठता का प्रतिपादन किया गया है।' विचार प्रकट करें।
14. देव का वसंत वर्णन परंपरागत वसंत वर्णन से किस प्रकार भिन्न है?
15. 'उतारें करें राई नौन' से देव ने समाज की किस मान्यता की ओर संकेत किया है?
16. 'यह लो, करते ही रहते हैं, अपना व्यंग्य मलिन उपहास' - पंक्ति के माध्यम से कवि क्या कहना चाहते हैं?
17. 'आत्मकथ्य' के आधार पर श्री जयशंकर प्रसाद की विशेषताएँ लिखिए।
18. 'मातु-पितहि उरिन भये नीकें' - पंक्ति का आशय स्पष्ट कीजिए।
19. कवि ने बादलों का आह्वान क्यों किया है? वह उसे बरसने के स्थान पर गरजने को क्यों कहता है?
20. 'बाल-कल्पना के-से पाले' - कवि ने बादलों की तुलना बाल-मन से क्यों की है?
21. कन्यादान कविता में वस्त्र एवं आभूषणों को शाब्दिक भ्रम क्यों कहा है?
22. चाँदनी रात की सुंदरता को कवि ने किन-किन रूपों में देखा है?
23. कवि देव की रचनाओं के आधार पर उनकी काव्यगत विशेषताएँ बताइए।
24. 'छाया मत छूना' कविता की काव्यगत विशेषताएँ लिखिए।
25. सूर के 'भ्रमरगीत' की मुख्य विशेषताएँ लिखिए। / 'भ्रमरगीत' का काव्यगत सौंदर्य स्पष्ट करें।
26. कृष्ण के प्रति अपने अनन्य प्रेम को गोपियों ने किस प्रकार अभिव्यक्त किया है?
27. गोपियों के अनुसार राजा का धर्म क्या होना चाहिए?
28. गोपियों ने यह क्यों कहा कि 'हरि हैं राजनीति पढ़ि आए'? क्या आपको गोपियों के इस कथन का विस्तार समकालीन राजनीति में नज़र आता है? लिखिए।
29. 'अट नहीं रही है' कविता में कवि ने प्रकृति की शोभा का वर्णन किस प्रकार किया है? लिखिए।

कृ.पृ.उ.

Scanned by CamScanner

classmate
Date ______
Page ______

Pg. 4.

30. 'आत्मकथ्य' कविता के माध्यम से कवि ने अपने सुखी जीवन की स्थिति के बारे में क्या कहा है?

31. संगतकार मुख्य गायक की मदद किस प्रकार किया करता है?

कृतिका

1. देश की सीमा पर रहते हुए देश के फौज़ियों को किन कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है? फौज़ियों के जीवन से किन जीवन-मूल्यों को अपनाया जा सकता है? लिखिए।

2. "आप चैन की नींद सो सकें इसलिए तो हम यहाँ पहरा दे रहे हैं" — एक फ़ौजी के इस कथन से देश एवं देशवासियों के लिए फौजियों की महत्ता पर अपने विचार प्रकट करें।

3. विज्ञान का दुरुपयोग किन-किन रूपों में दिखाई पड़ रहा है? इसके दुष्परिणाम क्या हो रहे हैं? हम इनकी रोकथाम हेतु क्या कर सकते हैं? लिखें।

4. 'जॉर्ज पंचम की नाक' पाठ में देश की किन स्थितियों पर व्यंग्य किया गया है? विस्तारपूर्वक लिखिए।

5. 'माता का अँचल' पाठ में प्रस्तुत ग्रामीण संस्कृति और परिवेश आज के ग्रामीण परिवेश से पूर्णतया भिन्न है। ग्रामीण संस्कृति में हुए परिवर्तनों पर अपने विचार प्रकट करें।

6. पर्यावरण प्रदूषण के क्या दुष्परिणाम सामने आ रहे हैं? हम पर्यावरण प्रदूषण की रोकथाम कैसे कर सकते हैं? उपाय लिखिए।

7. संकट आने पर बालक पिता की अपेक्षा माँ की ओर ही क्यों भागता है? 'माता का अँचल' पाठ के आधार पर लिखिए।

8. 'साना-साना हाथ जोडि' पाठ के आधार पर बताइए कि विभिन्न प्राकृतिक स्थलों को पर्यटक-स्थल न बनाया जाना उनके लिए वरदान कैसे है? आप इससे कहाँ तक सहमत हैं? लिखें।

9. प्रकृति जल का संचय किस प्रकार करती है? 'साना-साना हाथ जोडि' के आधार पर बताइए। आज जल-संचय क्यों आवश्यक है? जल-संरक्षण हेतु अपने उपाय बताइए।

[टिप्पणी (Note) :- प्रश्न-कोष (Question-Bank) से संबंधित समस्या के समाधान हेतु विषयाध्यापिका – श्रीमती रक्षा सिंह अथवा सुषमा कु० वैष्णव से सम्पर्क किया जा सकता है।]

Scanned by CamScanner